>

Title: The Speaker made an observation on the request of the Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs for taking up Item Nos. 15 to 18 together.

माननीय अध्यक्ष: अर्जुन राम मेघवाल जी ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, माननीय मंत्री जी कहाँ हैं? उन्हें बुलाइए ।…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष जी, मेरा आपसे अनुरोध है कि आइटम नं. 15, आइटम नं. 16, आइटम नं. 17 और आइटम नं. 18, ये करीब-करीब सेम नेचर के हैं, इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि इन्हें एक साथ ले लिया जाए । मेरे ख्याल में, यह सभा के लिए भी उचित होगा ।

माननीय अध्यक्ष: ठीक है । अब बिल शुरू कर देते हैं ।

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, क्या बिल का इंट्रोडक्शन नहीं होगा?…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: जब मंत्री जी आएंगी, तब इंट्रोड्यूस करा देंगे । आपको उसमें पर्याप्त अवसर देंगे ।

मेरे विचार में, यह सभा, माननीय मंत्री जी के प्रस्ताव से सहमत है । मद संख्या 15, 16, 17 और 18 को हम एक साथ चर्चा के लिए ले सकते हैं ।

माननीय सदस्यगण, चूंकि मदों के लिए कार्य मंत्रणा समिति द्वारा अलग-अलग समय आवंटित किए गए थे, लेकिन मैंने सभी दलों के नेताओं से चर्चा की

है ।

उस चर्चा के बाद मद संख्या 15, 16, 17 और 18 को एक साथ कम्बाइन्ड करके चार घंटे का समय आवंटित किया जाता है ।

माननीय मंत्री जी अपना उत्तर शुरू करेंगे, इसके पहले मैं माननीय सदस्यों को अपनी बात कहना चाहता हूँ ।

16.09 hrs